आकाशवाणी भोपाल

**शाम के समाचार**

दिनांक 05.07.2024 समय: 7.10 PM

**मुख्य समाचार...**

- अब 11 अगस्त को दो पालियों में आयोजित की जाएगी नीट-पीजी प्रवेश परीक्षा, **वहीँ,फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्जामिनेशन कल होगा ।**
- प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के पांचवे दिन पांच विधेयक हुए पारित।
- प्रदेश में कल बड़े स्तर पर होगा पौधारोपण । भोपाल में एक दिन में लगेंगे 12 लाख पौधे ।
- पेरिस ओलंपिक के लिए 28 सदस्यीय भारतीय एथलैटिक्स टीम की घोषणा, नीरज चोपड़ा करेंगे भारतीय टीम का नेतृत्व ।

**नीट-पीजी परीक्षा**

नीट-पीजी प्रवेश परीक्षा 2024 अगले महीने की 11 तारीख को दो पालियों में आयोजित की जाएगी। आयुर्विज्ञान में राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड ने आज परीक्षा का संशोधित कार्यक्रम जारी कर दिया है। इस परीक्षा को पिछले महीने परीक्षा की निर्धारित तिथि से एक दिन पहले स्थगित कर दिया गया था। यह निर्णय कुछ प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता को लेकर लगे आरोपों को ध्यान में रखते हुए लिया गया।

उधर, नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज, कल **फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्जामिनेशन जून-2024** परीक्षा का आयोजन करेगा। बोर्ड ने अभ्यर्थियों को सलाह दी है कि उन्हें प्राधिकरण के माध्यम से आगामी परीक्षा के प्रश्न हासिल करने का दावा करने वाले समूहों के बहकावे में नहीं आना चाहिए।

बोर्ड ने कहा कि कल की परीक्षा के लिए प्रश्न पत्र अभी भी तैयार किए जा रहे हैं।

**मप्र विधानसभा**

प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के पांचवे दिन सदन में कुल पांच विधेयक पारित किए गए हैं। इनमें खुले नलकूप ट्यूबवेल में इंसानों के गिरने से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं संशोधन विधेयक 2024 सुधारात्मक सेवाएं एवं बन्दीगृह विधेयक मंत्री वेतन तथा भत्ता संशोधन विधेयक 2024 और मध्यप्रदेश निजी विश्वविद्यालय स्थापना एवं संचालन संशोधन विधेयक 2024 शामिल है। सभी विधेयक पारित होने के बाद अनुदान मांगों पर चर्चा के दौरान हंगामा हो गया। संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने प्रस्ताव रखा कि विभागवार अनुदान मांगों पर चर्चा करने की बजाय एक साथ सभी विभागों की अनुदान मांगों पर चर्चा की जाए। इस पर उन्होंने नेता प्रतिपक्ष की भी सहमति चाही। इसका नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने विरोध किया और शोर शराबे की स्थिति बन गई।

**प्रदेश पौधारोपण**

प्रदेश में कल बड़े स्तर पर पौधारोपण होगा। भोपाल में एक दिन में 12 लाख पौधे लगेंगे। इस दौरान आम, नीम, बरगद, पीपल आदि किस्म के पौधे लगाएंगे। भोपाल में जंबूरी मैदान के सामने मुख्य समारोह होगा। जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी शामिल होंगे और पौधे लगाएंगे। सबसे ज्यादा साढ़े 9 लाख पौधे वन विभाग रोपेगा। नगर निगम में एक लाख 20 हजार पौधों का रोपण किया जाएगा। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने बताया, पौधारोपण अभियान से सामाजिक संगठन, शैक्षणिक संस्थाएं और व्यापारियों समेत आमजनों को भी जोड़ा गया है।

**मुख्य न्यायाधीश**

मप्र हाई कोर्ट के कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश शील नागू अब पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट के अगले मुख्य न्यायाधीश होंगे। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने पिछले साल 27 दिसंबर को इस पद के लिए उनकी अनुशंसा की थी। अब केंद्र ने भी अधिसूचना जारी कर दी। इधर, वरिष्ठ नयायमूर्ति संजीव सचदेवा को जबलपुर हाई कोर्ट का मुख्य न्यायाधीश बनाया गया।

**महिला क्रिकेट मैच**

महिला क्रिकेट में भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका के साथ तीन टी-ट्वेन्टी अंतर्राष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला का पहला मुकाबला आज खेलेगी। यह मैच चेन्नई में खेला जा रहा है । हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को इससे पहले तीन एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की श्रृंखला में क्लीन स्वीप किया था और एक मात्र टेस्ट मैच में 10 विकेट से हराया था।

**पेरिस एथलेटिक्स टीम**

भारतीय एथलेटिक्स संघ ने 26 जुलाई से शुरू हो रहे पेरिस ओलंपिक के लिए 28 सदस्यों की भारतीय एथलैटिक्स टीम की घोषणा कर दी है। तोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगे। टीम में 17 पुरुष और 11 महिला खिलाड़ी हैं।

रेस वॉकर्स प्रियंका गोस्वामी और अक्षदीप सिंह इस साल एथलेटिक्स में क्वालीफाई होने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने। इनके अलावा, हांगचाओ एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ी अविनाश साबले और तजिंदरपाल सिंह तूर भी इस दल का हिस्सा हैं।

**गैस राहत ओपीडी**

गैस राहत एवं पुनर्वास संचालनालय के अधीन गैस राहत अस्पतालों एवं औषधालयों में बाह्य रोगी विभाग-ओपीडी खुली रहने का समय तय कर दिया गया है। सभी गैस राहत अस्पतालों में सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक एवं शाम 5 बजे से 6 बजे तक ओपीडी खुली रहेगी। इसी तरह गैस राहत के सभी औषधालयों में सुबह 9 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक ओपीडी खुली रहेगी।

**अंतर राष्ट्रीय सहकारी दिवस**

अंतर राष्ट्रीय सहकारी दिवस का उद्घाटन कल सहकारिता एवं खेलकूद व युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग एपेक्स बैंक के समन्वय भवन में करेंगे. कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमुख सचिव सहकारिता श्रीमती दीपाली रस्तोगी करेंगी । कार्यक्रम में प्रदेश के 38 जिला सहकारी बैंकों में आई बी पी एस के द्वारा चयनित नये समिति प्रबंधकों को बैंकिंग के क्षेत्र में नवीन परिदृश्य के संबंध में कृषि व सहकारिता के क्षेत्र में विषय विशेषज्ञ वक्ताओं द्वारा प्रशिक्षित किया जावेगा। इस अवसर पर नवाचार के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 6 सहकारी संस्थाओं को सम्मानित भी किया जाएगा।

**टूर-डी सतपुड़ा 2024**

मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड ने सायकिल सफारी के सहयोग से आज से टूर-डी सतपुड़ा 2024 का तीन दिवसीय आयोजन शुरू किया। इसमें देश और विदेश के 16 साइक्लिस्ट छिंदवाड़ा और नर्मदापुरम जिले में 200 किलोमीटर तक का रोमांचक सफर तय करेंगे, जिसका समापन 7 जुलाई को नर्मदापुरम जिले की पचमढ़ी में होगा। प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति विभाग और प्रबंध संचालक मप्र टूरिज्म बोर्ड के शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि सायकिल सफारी के आयोजन का उद्देश्य मध्यप्रदेश को एडवेंचर टूरिज्म डेस्टिनेशन के रूप में

स्थापित करने के साथ ही क्षेत्र के समग्र विकास को बढ़ावा देना है।

**मुख्यमंत्री टीकमगढ़**

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज टीकमगढ जिले की जतारा विधानसभा के ग्राम छिपरी मे आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के दौरान लाडली बहना योजना की 14 वी किस्त के 9 हजार 455 करोड से ज्यादा की राशि जारी की. इसके साथ-साथ मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के अन्तर्गत 2024-25 की प्रथम किश्त प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के एलपीजी गैस कनेक्शनधारी उपभोक्ताओं और गैर पीएम उज्जवला योजना श्रेणी मे लाडली बनना के हितग्राहियों को माह मार्च-2024 को देय गैस रिफिल अनुदान राशि और सामाजिक सुरक्षा पेंशन के हितग्राहियों को माह जून की क़िस्त भी जारी की । इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने जिले के विभिन्न निर्माण कार्यो का लोकार्पण और भूमि पूजन किया। मुख्यमंत्री यहां रावतपुरा सरकार के प्राकट्य उत्सव मे शामिल हुए तथा मां शारदा पहाडी पर नवनिर्मित 61 फीट उंची सदाशिव प्रतिमा का लोकार्पण किया।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में...**

1. अमरवाड़ा में उप निर्वाचन 2024 के लिए मतदानकर्मियों का दो दिवसीय द्वितीय प्रशिक्षण शासकीय मॉडल स्कूल अमरवाड़ा में आयोजित किया गया। यह द्वितीय प्रशिक्षण 2 पालियों में आयोजित किया गया था।
2. देवास जिले के बरोठा में इफको कंपनी द्वारा दिए गए ड्रोन का शुभारंभ कलेक्टर  ऋषव गुप्ता द्वारा किया गया। इस दौरान ड्रोन पायलट द्वारा खेत में ड्रोन का सफल परीक्षण किया गया।
3. नरसिंहपुर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जिले में अब 10 लाख 74 हजार 450 पौधे रोपने का लक्ष्य मिला है। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में हुई बैठक में लक्ष्य आवंटित किए गए।

4. छतरपुर जिला कलेक्टर संदीप जी.आर. ने जिले के दूरस्थ क्षेत्र एवं आकांक्षी ब्लॉक बक्सवाहा एवं बड़ामलहरा एवं छतरपुर के विभिन्न ग्रामों का औचक निरीक्षण कर शासन की योजनाओं एवं सुविधाओं की जमीनी हकीकत जानी।

5. नीमच में कलेक्टर ने ग्राम कुचडोद के भ्रमण के दौरान हाई स्कूल कुचडोद का निरीक्षण किया और कक्षाओं में जाकर, शिक्षकों और विद्यार्थियों की उपस्थिति का जायजा लिया।

6. पन्ना जिले के जनपद पंचायत पवई के अंतर्गत ग्राम पंचायत घुटेही के पिपरहा गांव में नाले में दो बहने बह गई। जबकि एक लड़की बाल बाल तेज बहाव में बहने से बच गई । उसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

-------------------------